कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 2107 / FP/UK/ROAD/146873/2021 :देहरादून:दिनांक: 06 फरवरी, 2023 मार्च

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :–जनपद–देहरादून के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरिपुर में मुख्य मार्ग से जूनियर हाईस्कूल की ओर सड़क निर्माण हेतु 0.1134 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भ :–आपका पत्रांक 1325 / 12–1 दिनांक 07.02.2023।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक पत्र सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे इस कार्यालय के पत्र दिनांक 18.02.2022 के क्रम में सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। उक्त सूचना का इस कार्यालय द्वारा परीक्षणोपरान्त निम्न कमियां दृष्टिगोचर हो रही हैं :–

1. Part-I के अतिरिक्त सूचना में Administrative Approval अपलोड़ किया जाना अपेक्षित है।
2. प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले Part-II के पैरा–2 में परियोजना में प्रभावित होने वाली भूमि आरक्षित वन दर्शायी गयी है तथा Part-II के पैरा–4 (ii) प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या शून्य दर्शायी गयी है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रस्तावित परियोजना के KML File के अवलोकन से यह दृष्टिगत हो रहा है कि उक्त परियोजना में वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। अतः उक्त के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करें साथ ही सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी को अपने स्तर से उक्त क्षेत्र की Site Visit कर Site Visit Report प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. Part-I के पेरा– B.2.3 में Village wise breakup 'NIL' भरा गया है, उक्त के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करें।
4. लाभान्वित होने वाले ग्रामों एवं स्कूल का नाम का विस्तृत विवरण जनसंख्या सहित उल्लेख करते हुये Justification पुनः तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न किया जाये।

अतः उपरोक्तानुसार सूचना सम्बन्धितों से प्राप्त कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को लिखा जा सके।

संलग्नक :–यथोपरि।

भवदीय,

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या– 2107 / FP/UK/ROAD/146873/2021 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, कालसी।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, सहिया, देहरादून।

06/3/23

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

dc